MEDIA ADVISORY

UNITED NATIONS
HUMAN RIGHTS
OFFICE OF THE HIGH COMMISSIONER

आवास का अधिकार पर संयुक्त राष्ट्र विशेषज्ञ भारत आएंगी

जिनेवा/ नई दिल्ली (6अप्रैल 2016) – संयुक्त राष्ट्र की स्पेशल रैपोर्टियर लैलानी फरहा 11 से 22 अप्रैल तक भारत की यात्रा पर होंगी। वे देखेंगी कि राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर समुचित आवास का अधिकार पाने के लिए कौन से कानूनी, नीतिगत और कार्यक्रम संबंधी प्रावधान या खामियां हैं।

संयुक्त राष्ट्र मानव अधिकार परिषद ने इन स्वतंत्र विशेषज्ञ को समुचित आवास का अधिकार पूरी तरह दिलाने और इस संदर्भ में कोई भेदभाव न होने देने को बढ़ावा देने का दायित्व सौंपा है। उनका कहना है " मैं देखूँगी कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में सबसे लाचार और हाशिए पर जीते वर्गों के सामने आवास से संबंधित चुनौतियां और अवसर क्या हैं।"

स्पेशल रैपोर्टियर दुनिया भर में समुचित आवास का अधिकार साकार कराने के बारे में निगरानी करती हैं, रिपोर्ट और सलाह देती हैं। इसमें सर्वोत्तम विधियों, बाधाओं और संरक्षण की खामियों की पहचान करना भी शामिल है। उनका सारा काम अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार कानून और मानकों से संचालित होता है।

सुश्री फरहा का कहना है, "मैं अधिकारियों, प्रबुद्ध समाज के प्रतिनिधियों, और नागरिकों से मिलने के लिए उत्सुक हूँ ताकि बेहतर ढंग से समझ सकूँ भारत में आवास के अधिकार को कैसे साकार किया जा रहा है, कौन से व्यावहारिक उपायों को प्राथमिकता दी जा रही है और कौन सी नीतियों, कार्यक्रमों और निर्णयों से इस मानव अधिकार को साकार करने में मदद मिली है या बाधा पड़ी है।"

उन्होंने बताया, "मैं नई दिल्ली, मुम्बई और बंगलूरू शहरों के साथ-साथ शहरों के बाहरी इलाकों और गाँवों में भी जाकर देखूँगी कि भारत में सबके लिए समुचित आवास का अधिकार साकार करने के लिए अभी और क्या किया जाना चाहिए।"

ये मानव अधिकार विशेषज्ञ भारत सरकार के निमंत्रण पर दो सप्ताह के लिए भारत आएंगी। इस दौरान वे राष्ट्रीय और स्थानीय सरकारी प्रतिनिधियों के अलावा प्रबुद्ध समाज, सामुदायिक संगठनों के प्रतिनिधियों, शहरों और गाँवों के निवासियों तथा संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों से मिलेंगी।

सुश्री फरहा 22 अप्रैल को सायः 4 बजे यूएन कॉन्फ्रेंस हॉल, यूएन हाउस,55 लोदी एस्टेट, नई दिल्ली-110003 में आयोजित पत्रकार सम्मेलन में अपनी प्रारम्भिक राय मीडिया को बताएंगी। पत्रकार सम्मेलन में केवल पत्रकारों को प्रवेश की अनुमति होगी।

स्पेशल रैपोर्टियर अपने निष्कर्षों और सिफारिशों सहित समग्र रिपोर्ट मार्च 2017 में संयुक्त राष्ट्र मानव अधिकार परिषद को सौंपेंगी।

END

सुश्री लैलानी फरहा *(कनाडा)* रहन-सहन के समुचित स्तर के अधिकार और इस संदर्भ में भेदभाव मुक्ति के अधिकार के तहत समुचित आवास के बारे में संयुक्त राष्ट्र की स्पेशल रैपोर्टियर हैं। वे जून 2014 से इस पद पर हैं। सुश्री फरहा ओटावा, कनाडा में एनजीओ कनाडा विदआउट पॉवर्टी की एग्ज़ीक्यटिव डायरेक्टर हैं। शिक्षा से वकील सुश्री फरहा पिछले 20 साल से अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर समाज में सबसे हाशिए पर जीते वर्गों के लिए समुचित आवास का अधिकार साकार कराने और गरीबी में जीते लोगों की स्थिति के बारे में काम कर रही हैं। उनके बारे में और अधिक जानने के लिए देखें*:* http://www.ohchr.org/EN/Issues/Housing/Pages/HousingIndex.aspx

स्पेशल रैपोर्टियर मानव अधिकार परिषद की स्पेशल प्रोसीज्योर्स व्यवस्था के अंग होते हैं। स्पेशल प्रोसीज्योर्स संयुक्त राष्ट्र मानव अधिकार तंत्र में स्वतंत्र विशेषज्ञों की सबसे बड़ी संस्था है। यह परिषद के स्वतंत्र तथ्य खोजी और निगरानी तंत्रों को यह नाम दिया गया है जो या तो किसी खास देश की स्थिति या दुनिया के सभी हिस्सों में विभिन्न विषयों से जुड़े मुद्दों की पड़ताल करते हैं। स्पेशल प्रोसीज्योर्स विशेषज्ञ स्वेच्छा से काम करते हैं, वे संयुक्त राष्ट्र के कर्मचारी नहीं होते और उन्हें अपने काम के लिए कोई वेतन भी नहीं मिलता। वे किसी भी सरकार या संगठन से स्वतंत्र होते हैं और व्यक्तिगत हैसियत में काम करते हैं।

यूएन ह्यूमन राइट्स, कन्ट्री पेज- इंडिया*:*
http://www.ohchr.org/EN/Countries/AsiaRegion/Pages/INIndex.aspx

अधिक जानकारी और मीडिया अनुरोध के लिए कृपया सम्पर्क करें*:*
यात्रा के दौरान***:***
राजीव चन्द्रन, यूएनआईसी-नई दिल्ली *(+91 11 46532242 / rajiv.chandran@unic.org)*
जुआना सोतोमायर *(+41 79 444 4078 / +91-9958024097 jsotomayor@ohchr.org)*
मारियानिक कोफी *(+41-79-444-3993/ +91-7042648877 mkoffi@ohchr.org)*

जिनेवा में ***(****यात्रा से पहले और बाद में****):***
जुआना सोतोमायर *(+41 22 917 9445 / jsotomayor@ohchr.org)*
मारियानिक कोफी *(+41 22 917 9642) or write to srhousing@ohchr.org*

संयुक्त राष्ट्र के अन्य स्वतंत्र विशेषज्ञों से संबधित मीडिया जानकारी के लिए:
श्री ज़ेबियर सेलाया – मीडिया यूनिट (+ 41 22 917 9383 / xcelaya@ohchr.org)

हमारी नई वेबसाइट और सोशल मीडिया के लिए**:** हमारी नई जानकारी के लिए मल्टीमीडिया सामग्री और प्रमुख संदेश यूएन ह्यूमन राइट्स के निम्नलिखित सोशल मीडिया चैनलों पर उपलब्ध हैं। सही हैंडल के ज़रिए कृपया हमें टैग करें:
ट्विटर: @UNHumanRights
फेसबुक: unitednationshumanrights
इन्स्टाग्राम: unitednationshumanrights
गूगल+: unitednationshumanrights
यूट्यूब: unohchr